| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
| 7 | Satna | 25000 | 1-4-1986 | 184 |
| 8 | Satna | 20000 | 5-7-1986 | 4 |
| 9 | Burhanpuj | 10000 | 17-5-1986 | 184 |
| 10 | Burhanpur | 10000 | 17-5-1986 | 58 |
| 11 | Burhanpur | 10000 | 27-9-1986 | 57 |
| 12 | Biiul | 10000 | 8-1-1987 | 176 |
| 13 | Bhapal | 45000 | 24-1-1987 | 23 |
| 14 | Jamnagar | 35000 | 4-1-1986 | |
| 15 | Viramgam | 26000 | 23-5-1986 | |
| 16 | Ranip | 15000 | 7-2-1986 | C |
| 17 | Ranip | 1120 | 6-3-1987 | |
| 18 | Nrutia | 22240 | 27-5-1986 | • - |
| 19 | Tragad | 4500 | 7-2-1986 | *6* |
| 20 | Tragad | 15000 | 1.8-2-1986 | 17 |
| 21 | Than | 50000 | 29-8-1986 (12000 MT) | |
| | | | 15-11-1986 (38000 MT) | 27 |
| 22 | Mehamdabad | 25000 | 19-11-1986 | 31 |

4214. श्री रशीद मसूद :
**श्रीमती रेणुका चौधरी :**

क्या **जल संसाधन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार राष्ट्रीय जल ग्रिड पद्धति के संवर्धनार्थ प्रयत्नशील है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह भी सच है कि दस राज्यों की नदियों को आपस में जोड़ने के लिए प्राथमिक सर्वेक्षण कार्य का अब तक सिर्फ पैंतीस प्रतिशत भाग ही पूरा हुआ है ; और

(ग) यदि हां, तो सम्पूर्ण देश की नदियों को आपस में जोड़ने के लिए तैयार कार्य को कब तक पूरा कर लिये जाने की संभावना है और क्या सरकार ने इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए कोई समय सीमा निर्धारित की है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**कृषि मंत्री (श्री जी० एस० ढिल्लों) :** (क) जल संसाधन विकास के लिए राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य की रूपरेखा बनाई गई है जिसमें नदियों को अन्तसम्बध करके तथा जल भंडारणों के निर्माण द्वारा जल की कमी वाले क्षेत्रों को अधिशेष जल के संभावित अन्तरण की परिकल्पना है।

(ख) और (ग) उपयुक्त परिप्रेक्ष्य के प्रायद्वीपीय घटक का अध्ययन किया जा रहा है जिसे सातवीं योजना के अन्त तक 17 में से 5 संयोजनों के संबंध में ठोस प्रस्ताव तैयार करने की दृष्टि से उपखंडों में विभाजित किया गया है ।